01/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

दुनिया भर में नए साल 2025 का स्वागत भव्यत उत्सवों के आयोजन, जगमगाती आतिशबाजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समारोह के साथ किया गया और इसी के साथ एक और नए अध्याय की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय राजधानी ने नए साल 2025 का स्वागत धार्मिक उत्साह और कई समारोहों के साथ किया। इधर अरुणाचल प्रदेश में भी राज्य भर में लोगों ने नए साल का स्वागत करने के लिए पार्टी, नृत्य, संगीत और आतिशबाजी की। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नए साल 2025 के अवसर पर राष्ट्र को अपनी शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति मुर्मू ने नागरिकों से भारत और दुनिया के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नव वर्ष में देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह वर्ष सभी के जीवन में नए अवसर, सफलता और अनंत खुशियां लेकर आएगा।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेंन ने राज्य के लोगों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समग्र विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नए सिरे से पुन: ध्यान केंद्रित करने की घोषणा की।

उन्होंने महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य पर जोर देते हुए राज्य के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। श्री मेंन ने कहा, "महिला और युवा सशक्तीकरण हमारी नीतियों और कार्यक्रमों के मूल में रहेगा क्योंकि हम एक प्रगतिशील अरुणाचल के निर्माण के लिए मिलकर काम करते हैं।" उपमुख्यमंत्री ने राज्य के लिए सतत विकास और समृद्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी एजेंडा 'विकसित अरुणाचल' की दिशा में रोडमैप को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

0000000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम (IMC) के मेयर तामे फासांग के नेतृत्व में एक टीम ने गोवा में प्रमुख वेस्ट मैनेजमेंट सुविधाओं का दौरा किया, ताकि रीसाइक्लिंग तकनीकों और वेस्ट मैनेजमेंट समाधानों सहित उन्नत वेस्ट मैनेजमेंट पर ठोस जानकारी प्राप्त किया जा सके। IMC के पार्षदों और अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने वसुधा वेस्त ट्रीटमेंट शोल्युशन प्राइवेट लिमिटेड और काकोरा के वंदेमोल में मनोहर पार्रिकर इंटीग्रेटेड म्यूनिसिपल वेस्ट ट्रीटमेंट सुविधा में वेस्ट ट्रीटमेंट समाधानों और प्रौद्योगिकियों की खोज की। श्री फासांग ने कहा, यह दौरा हमारी टीम के लिए एक अमूल्य शिक्षण अनुभव रहा है। गोवा में पेशेवरों द्वारा साझा किया गया ज्ञान और विशेषज्ञता ईटानगर में हमारी वेस्ट मैनेजमेंट रणनीतियों का बहुत मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

0000000000000000000000000

मंगलवार को आदी बाने केबांग की ईस्ट सियांग जिला इकाई, पुलिस और वन विभाग के कर्मियों द्वारा एक संयुक्त अभियान के दौरान पक्षियों सहित कई जंगली जानवरों के शवों के अलावा अवैध शिकार में इस्तेमाल की जाने वाली बंदूकें भी जब्त की गईं। संयुक्त टीम ने शिकार में शामिल व्यक्तियों को पकड़ा और उनसे दो एयरगन के साथ गोलियां भी जब्त कीं। जब्त किए गए जानवरों के शव कई तरह के जंगली जानवरों के थे, जैसे ग्रे ट्रीपाई, तीतर, जंगली तोता, सिवेट, पॉर्क्युपाइन, जंगली बकरी, बड़ी संख्या में रोडेंट, जंगली सुअर, लगभग बयासी किलोग्राम स्टिंक बग और हिरन का मांस। संयुक्त अभियान दो अलग-अलग स्थानों - पासीघाट सर्कल के अंतर्गत लेगिंग गांव और रानेघाट ब्रिज पर चलाया गया।

0000000000000000000000000

सरकार ने आज से वन नेशन वन ससब्सक्रिप्शन-ओएनओएस योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के तहत शोधपत्रों, जरनलों और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालयों और आईआईटी सहित सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों के एक करोड 80 लाख विद्यार्थियों को इस पहल के अंग के रूप में दुनिया भर के शीर्ष जरनल में प्रकाशित शोध पत्रों को देखने की सुविधा मिलेगी।

0000000000000000000000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना का कुल परिव्यय बढ़ाकर 69 हजार 515 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के दावे दिए गए हैं। वैष्णव ने कहा कि 2025 की पहली मंत्रिमंडल बैठक किसानों को समर्पित थी। मंत्रिमंडल ने डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी से परे एकमुश्त विशेष पैकेज को तीन हजार 500 रुपये प्रति मीट्रिक टन तक बढ़ाने को भी मंजूरी दी। वैष्णव ने कहा कि किसानों को 50 किलोग्राम के बैग के लिए एक हजार 350 रुपये की दर से डीएपी मिलता रहेगा।

0000000000000000000000000

भारत और पाकिस्तान ने आज दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के तहत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। इस सूची का आदान-प्रदान नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से किया गया। इस समझौते पर 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और यह 27 जनवरी 1991 को लागू हुआ था।

0000000000000000000000000

फुटबॉल में, पश्चिम बंगाल ने कल गाचीबाउली स्टेडियम, **हैदराबाद** में खेले गए फाइनल में केरल को 1-0 से हराकर संतोष ट्रॉफी के लिए 33वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप जीत ली। रोबी हंसदा ने इंजरी टाइम में निर्णायक गोल करके बंगाल को सात साल के बाद सन्तोष ट्रॉफी का खिताब दिलाया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 गोल करने वाले हंसदा को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों का सम्मान दिया गया।

0000000000000000000000000